प्रदेशव्यापी नि:शुल्क ब्रुसेला टीकाकरण अभियान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने विभागीय अधिकारियों को ब्रुसेला टीकाकरण अभियान में 4 से 8 माह की गौ-भैंस वंशीय बछियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

प्रमुख बिंदु

पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि ब्रुसिलोसिस बीमारी की रोकथाम के लिये राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम में प्रदेश में 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2022 तक नि:शुल्क ब्रुसेला टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। पशुपालकों से अभियान का भरपूर लाभ उठाने
की अपील करते हुए मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने कहा कि ब्रुसिलोसिस रोग गौ-भैंस वंशीय पशुओं में प्रजनन संबंधी बीमारी है, जो ब्रुसिलोसिस एबॉर्टस जीवाणु के कारण होती है।
इस रोग के लक्षणों में बुखार, गर्भावस्था के अंतिम चरण में गर्भपात, बाँझपन, हीट में देरी, लेक्टेशन में बाधा आदि से बछियों की हानि और दूध के उत्पादन में कमी होती है।
मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने बताया कि 4 से 8 माह की उम्र की गौ-भैंस वंशीय बछियों का जीवन-काल में एक बार टीकाकरण कर उन्हें ब्रुसिलोसिस रोग से बचाया जा सकता है।
मंत्री प्रेम सिंह पटेल ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्र की उत्त आयु वर्ग में आने वाली सभी गौ-भैंस वंशीय बछियों का ब्रुसेला टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। टीकाकरण से न केवल गाय, भैंस स्वस्थ रहेंगी, दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/statewide-free-brucella-vaccination-campaign